INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR
Holiday Home Work 2015-16

Class -8 Sec. -----   Name ---------------   Date ---------------

प्रश्न 1. <u>अपठित गद्याश</u>

तेनालीराम की चतुराई के अनेक किस्से प्रसिद्घ है कहा जाता है एक बार राजा कृष्णदेव किसी कारण तेनालीराम से नाराज़ हो गए। उन्होंने तेनालीराम को दरबार में बुलाया और क्रोध भरे स्वर में कहा - "तेनालीराम तुम दरबार से चले जाओ और अब मुझे अपना मुँह ना दिखाना।"अगले ही दिन तेनालीराम दरबार में उपस्थित हुए। लेकिन उनका मुँह नकली चेहरे से ढका हुआ था।उन्हें देखकर सभी दरबारी हँसने लगे। राजा की भी दृष्टि उन पर गई, तो वे नाराज़ होकर बोले - मैंने तुम्हे मुँह ना दिखाने का आदेश दिया था, तुम फिर आ गए। यह सुनकर तेनालीराम ने नम्रतापूर्वक कहा -"महाराजा मैंने तो आपके आदेश का पूरा-पूरा पालन किया है।यह देखिए मुँह पर नकली चेहरा लगाकर आया हूँ, जिससे आप मेरा मुँह ना देख सके।" यह देखकर सभी दरबारी हँसने लगे।राजा भी अपनी हँसी को ना रोक सके और उनका क्रोध शांत हो गया।

उपर्युक्त गद्याश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(क) तेनालीराम किस राजा के दरबार में था?

(ख) राजा ने तेनालीराम से क्या कहा?

(ग) तेनालीराम कैसे दरबार में आए?

(घ) "अपना मुँह न दिखाओ" मुहावरे का अर्थ लिखिए।

(ङ) गद्याश का शीर्षक लिखिए।

प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

1. आँख------------------------------ 2. उपवन ----------------------------

3. गंगा------------------------------ 4. पक्षी ------------------------------

5. पेड़------------------------------- 6. गगन ---------------------------------

7. धरा------------------------------- 8. पवन-------------------------------------

9. माता-------------------------------- 10. पुत्र---------------------------------

प्रश्न– 3 नीचे लिखे वाक्यों में से कारक– चिह्न छाँटकर लिखें—

1 घोड़ा मैदान में खड़ा है।

2 नहरों से पानी मिलता है।

3 लड़का गेंद से खेल रहा है।

4 छत पर बच्चे बैठे हैं।

5 मोहन ने आम खाया।

रिक्त स्थानों में उचित कारक चिह्न भरें

1 पिता-------पुत्र-------पैसे दिए।

2 राम कल दिल्ली-------आएगा।

3 रतना-------पेंसिल-------सुंदर चित्र बनाया।

4 पक्षी आकाश------- उड़ रहें हैं।

5 मानसी-------झाड़ू-------सफाई की।

प्रश्न– 4 निम्न शब्दों को शुद्ध करके दुबारा लिखिए—

क परिक्षा --------------------- ख प्रनाम---------------------

ग निरस------------------ घ करम ---------------

ड छमा---------------------- च पूज्नीय-----------------

छ सथान--------------------- ज संसारिक------------------

झ किरपा--------------------

****